# जनम लियो कृष्ण कन्हाई भजन लिरिक्स

बृज में बाजे बधाई,
जनम लियो कृष्ण कन्हाई,
कृष्ण कन्हाई कृष्ण कन्हाई,
बृज में खुशियाँ छायी,
जनम लियों कृष्ण कन्हाई।bd।

---

गोपी ग्वाले दौड़े आए,
नन्द बाबा को खबर सुनाए,
नन्द बाबा ने खोले ख़जाने,
हीरे मोती लगे लुटाने,
सब मिल देवे बधाई,
जनम लियों कृष्ण कन्हाई,
बृज में बाजे बधाई,
जनम लियों कृष्ण कन्हाई।bd।

---

ए री सखी सब मंगल गावो,
कान्हा को काला टीका लगाओ,
नज़र ना लागे मेरे ललना को,
मात यशोदा झुलाए पलना को,
बाँटे खूब मिठाई,
जनम लियों कृष्ण कन्हाई,
बृज में बाजे बधाई,
जनम लियों कृष्ण कन्हाई।bd।

---

ढोलक ढोल मजीरे बाजे,
गोपी ग्वाल सब मिलजुल नाचे,
नाचे मोर पपीहा बोले,
बृज वासी मस्ती में डोले,
बृज में धूम मचाई,
जनम लियों कृष्ण कन्हाई,
बृज में बाजे बधाई,
जनम लियों कृष्ण कन्हाई।bd।

---

बृज में बाजे बधाई,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जनम लियो कृष्ण कन्हाई,
कृष्ण कन्हाई कृष्ण कन्हाई,
बृज में खुशियाँ छायी,
जनम लियो कृष्ण कन्हाई।bd।

**Singer – Manoj Kumar**

जन्माष्टमी के सभी भजन यहाँ ⇨ देखें।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com